महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

Contact No. 0581-2520487, 2527282, 2523378, Website: www.mjpru.ac.in

पत्रांकः रू.वि. / प्र.प.प्र. / 2021 / दिनांकः 29.08.2021

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय परिसर, बरेली

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
एम.जे पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,बरेली

विषयः **वर्ष 2021 (सत्र 2021–22) के लिये स्नातक पाठ्यक्रमों में ऑनलाईन पंजीकरण के माध्यम से होने वाले प्रवेश के सम्बन्ध में,**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या रू.वि. / प्रप.प्र. / 2021 / 28–36 दिनांक 31.07.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु विस्तृत निर्देश निर्गत करते हुए Rs. 100/- के पंजीकरण शुल्क के साथ विश्वविद्यालय पोर्टल पर महाविद्यालयों द्वारा प्रवेशित छात्र/ छात्राओं के पंजीकरण हेतु दिनांक 31.08.2021 तक की तिथि निर्धारित की गयी थी । उक्त के क्रम में महाविद्यालयों के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए पंजीकरण आवदेन पत्र पर शुल्क जमा करने हेतु Bulk Payment/RTGS के माध्यम से भुगतान की सुविधा पूर्व में ही उपलब्ध करायी जा चुकी है। समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि प्रवेश प्रक्रिया बिना विलम्ब शुल्क के दिनांक 31. 08.2021 तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर लें। यदि किसी महाविद्यालय को पंजीकरण शुल्क का भुगतान ऑनलाईन करने में कोई कठिनाई आती है तो वह निर्धारित तिथि दिनांक 31.08.2021 तक कुल प्रवेशित छात्रों का विश्वविद्यालय पोर्टल पर निर्धारित पंजीकरण आवेदन प्रपत्र भर कर एवं उनकी कुल संख्या की गणना की दर से चेक / ड्राफ्ट जो वित्त अधिकारी, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के नाम देय हो, दिनांक 31.08.2021 तक विश्वविद्यालय कार्यालय में रात्रि 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 30.08.2021 एवं दिनांक 31.08.2021 को छात्रों एवं महाविद्यालयों के हितों के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को यह विशेष सुविधा प्रदान की जा रही है ।

उक्त तिथि के पश्चात् नियमानुसार निर्धारित विलम्ब शुल्क देय होगा।

भवदीय,

For कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समन्वयक, ऑनलाईन प्रवेश।
2. वित्त अधिकारी।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. सहायक कुलसचिव (प्रवेश / प्रशासन / परीक्षा)
5. निजी कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
6. वै.सहा., कुलसचिव।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाईट।

8. प्रतिनिधि, मैस्कॉट साफ्टवेब प्रा. लि. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त कार्यक्रमानुसार पोर्टल प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव